वी.यू. – अनुसूचित जाति के हितग्राहियों को बकरी वितरण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में भारतीए कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जनजाति उप योजना के अंतर्गत नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रोफ़ेसर डॉ. मनदीप शर्मा सर के मार्गदर्शन में आज 10/09/2024 को विश्वविद्यालय के पशुधन प्रक्षेत्र आमानाला से 25 बकरी एवम 6 बकरो का वितरण अनुसूचित जाति के 25 हितग्राहियों को किया गया, आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी ने हितग्राहियों को अपने उद्बबोधन में बताया की किस प्रकार एकजुट होकर पशुपालक समन्वित कृषि के माध्यम से आत्म निर्भर बन सकते है और विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की मदद से अपने पशु पालन में उन्नति करे, कार्यक्रम में उपस्थित संचालक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक ने हितग्राहियों को चल रही योजनाओं के बारे में बताया, परियोजना के अन्वेषक डॉ. हरी ने परियोजना की विस्तृत जानकारी दी, इस कार्यक्रम में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. तोमर, संचालक अनुसंधान डॉ. जी.पी. लखानी, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय डॉ. राजेश शर्मा, संचालक पत्रोपाधी डॉ. विश्वजीत रॉय, सहायक कुलसचिव डॉ. राम किंकर मिश्रा उपस्थित थे, मंच संचालन श्री देवेश उपाध्याय एवं आभार प्रर्दशन प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. सीमा भिंडवाले ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर